तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 अपने ही कमांडेंड को हटाने सैनिकों ने किया आंदोलन, आश्वासन के बाद लौटे काम पर



## खबर संक्षेप

### शासी परिषद की बैठक 6 को

**कोरबा।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की शासी परिषद की बैठक 6 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आज

**कोरबा।** कलेक्टर कोरबा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक 2 दिसंबर को अपरांह 1 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

### छेड़छाड़ के मामले में युवक को सजा

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोतीसागरपारा निवासी रिंकू सागर उम्र 19 वर्ष पिता रामनाथ सागर ने एक नाबालिक के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में रिंकू सागर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को एफटीएससी पॉक्सो कोर्ट डॉ ममता भोजवानी के न्यायालय में पेश किया गया था। आरोपी रिंकू सागर के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे दो वर्ष सश्रम कारावास व 8 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने पैरवी की है।

### एड्स जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कोरबा।** अजीत वसंत कलेक्टर के मार्गदर्शन में अवरोधों को पार करना, एड्स प्रतिक्रिया को बदलना थीम के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया गया। विश्व एड्स दिवस पर जिले के मेडिकल कॉलेज, सामु.स्वा.केन्द्रों, प्राथ.स्वा.केन्द्रो तथा शहरी तथा ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया । जिससे लोगों को एड्स के संबंध में जागरूक किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सी.के सिंह, डॉ. बी .आर. रात्रे,जिला टीबी नियंत्रण अधिकारी , डॉ.रविकांत राठोर, नोडल अधिकारी एड्स द्वारा एड्स जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी मेडिकल कॉलेज के छात्र -छात्राएँ तथा नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राए तथा अधिक संख्या मे लोग उपस्थित थे। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के जनप्रतिनिधियों से आग्रह एवं अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि एड्स संबंध में समाज में जागरूकता अभियान चलाया जाए , अधिक से अधिक संख्या में जॉच अभियान चलाकर एड्स बीमारी को समाप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दें।

### अभ्यर्थियों की प्राक्चयन परीक्षा आज

**कोरबा।** प्री0 मेडिकल एवं प्री0 इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए जिला स्तर पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिलों सेपरीक्षण उपरांत पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 2 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रयास बालक आवासी विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग रायपुर में आयोजन किया जा रहा है। प्राक्चयन परीक्षा में शामिल होने हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेब साईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट ट्रायबल डाट सीजी डाट इन पर अपलोड है। साथ ही पात्र अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि इसी वेबसाईट पर अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपना रोल नंबर, स्वयं सत्यापित फोटो तथा संपूर्ण विवरण भरकर स्वयं परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होवें।

# लंबे समय बाद धान खरीदी केंद्र में नए सिरे से हमाल की मजदूरी दर निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

धान खरीदी शुरु होने के बाद सरकार ने मंडी में काम करने वाले हमालों की मजदूरी दर में भी बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी से समिति में आर्थिक भार बढ़ेगा। प्रति क्विंटल दर से निर्धारित मजदूरी राशि का भुगतान सहकारी समितियों को करना पड़ता है। प्रत्येक समिति में 30 से 35 मजदूर धान खरीदी के दौरान काम करते हैं।

जिले में 41 सहकारी समितियां संचालित हैं। इनके अलावा 24 उपार्जन केंद्र हैं 19 नई सहकारी समितियां बनी हैं किंतु उन्हें पूर्ण रुप से समिति का दर्जा नहीं मिला है। ऐसी स्थिति में वे भी उपार्जन केंद्र की भांति ही काम कर रही हैं। जहां धान खरीदी के दौरान आसपास के ग्रामीण ही मजदूरी के रुप में काम करते हैं। जिनके मजदूरी का भुगतान समितियों के द्वारा अपने खर्च में किया जाता है। राज्य शासन ने कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत मजदूरी दर में बढ़ोतरी किए जाने से समितियों में आर्थिक भार पड़ने लगा है। जो निर्धारित मजदूरी तय की गई है उसके अनुसार प्रति क्विंटल के हिसाब से बढ़ोतरी हुई है। पिछली मजदूरी की तुलना में 2.50 रुपए से 3 रुपए तक की बढ़ोतरी बताई गई है। समितियों को कमीशन की जो राशि मिलती है उससे ही हमालों को भुगतान किया जाता है। प्रत्येक समिति में कुल 8 प्रकार के कार्य होते हैं और सभी के लिए अलग अलग दर निर्धारित हैं।

## प्रति क्विंटल के हिसाब से मजदूरी दर में हुई बढ़ोत्तरी

**खास बातें**

- समितियों में पड़ेगा मजदूरी भुगतान का आर्थिक भार
- पिछले वर्ष की बारदाना की कमीशन राशि नहीं मिली



### ये है संशोधित दर

| कार्य | प्रति क्विंटल मजदूरी |
|---|---|
| अनलोडिंग | 5.15 रुपए |
| ढेर लगाना | 3.50 रुपए |
| बोरा भराई और तौलाई | 5.00 रुपए |
| तौल एवं कांटे से उतारना | 5.75 रुपए |
| बोरा सिलाई | 1.97 रुपए |
| लेबलिंग | 3.15 रुपए |
| लोडिंग | 6.75 रुपए |
| स्टैकिंग | 3.50 रुपए |

## पांच घंटे तक ग्रामीणों ने घेरा हरदीबाजार थाना, किया धरना-प्रदर्शन

# एसईसीएल थाने की छत से कर रहा था ड्रोन सर्वे, ग्रामीणों ने घेराव कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विरोध के बाद भी एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा हरदीबाजार थाना के छत से ड्रोन के जरिये क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा था। थाने के छत का इस्तेमाल कर ड्रोन सर्वे करने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना का घेराव कर दिया। देखते ही देखते थाना परिसर में सरईसिंगार, हरदीबाजार व रेंकी के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करने लगे। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक घेराव जारी रहा। आखिरकार चर्चा उपरांत त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित करने व तब तक ड्रोन सर्वे बंद करने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने अपना घेराव समाप्त कर दिया।

सराईसिंगार, हरदीबाजार व रेंकी के सरपंचों व ग्रामीणों में उस वक्त आक्रोश देखने को मिला जब एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा हरदीबाजार थाना के छत का उपयोग कर जबरदस्ती ड्रोन से सर्वे किया जा रहा था। ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- गुरुवार को होगी त्रिपक्षीय वार्ता तब तक सर्वे पर लगा प्रतिबंध



हरदीबाजार थाने का घेराव करते ग्रामीण।

### नहीं थी जानकारी

मुझे ड्रोन सर्वे की जानकारी नहीं थी, मैं 3 बजे थाना पहुंचा तो पता चला। एसईसीएल दीपका प्रबंधन किससे पूछकर ड्रोन सर्वे कर रहा था इसकी जानकारी नहीं है।

**मृत्यंजय पांडेय,** थाना प्रभारी हरदीबाजार

### एसडीएम ने दिया था आदेश

एसडीएम पाली के आदेश पर ड्रोन सर्वे एसईसीएल दीपका प्रबंधन करना चाहा,जो ग्रामीणों के विरोध पर बंद कर दिया गया। गुरुवार को तहसील कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता रखी गई है,तब तक ड्रोन सर्वे नहीं होगा।

**-राजभानू सिंह,** तहसीलदार हरदीबाजार

# भूविस्थापित महिलाओं ने जीएम कार्यालय में की तालाबंदी



तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करती भूविस्थापित महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्राम मनगांव के भूविस्थापित महिलाओं ने रोजगार, पुर्नवास और बसाहट की मांग को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्यद्वार पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। प्रदर्शन से आवागमन बाधित हो गया। जिसके बाद अधिकारी कर्मचारियों ने कार्यालय के दूसरे गेट से प्रवेश किया हालांकि दोपहर के बाद भूविस्थापित महिलाओं ने इस गेट पर भी धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। जिसकी वजह से कार्यालयीन कार्य प्रभावित रहा। भूविस्थापित महिलाएं देर रात तक मुख्य द्वार तक धरना प्रदर्शन में डटी रहीं।

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित भू-विस्थापित महिलाओं ने सोमवार की अलसुबह कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर अनिश्चितकालीन शुरु कर दी। रोजगार, बसाहट, पुनर्वास सहित ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- खदान से प्रभावित मनगांव के भूविस्थापित महिलाओं ने खोला मोर्चा

# युवक के हाथ पैर की उंगली समेत दूसरे अंगो को काटकर जला दी लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 40 से 45 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या की गई है। हत्यारों ने उसके चारों हाथ पैर के उंगलियों को काटने के बाद उसके गुप्तांग को भी काट दिया है और उसकी पहचान छुपाने के लिए लाश को जला दिया गया है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम व खोजी डाग बाघा के साथ पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। जब तक युवक की शिनाख्त नहीं हो जाती तब तक पुलिसया जांच रफ्तार नहीं पकड़ेगी। इसलिए पुलिस फिलहाल मृत युवक की पहचान कार्यवाही में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्राम पंचायत औराई में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के खेत में अज्ञात व्यक्ति का अधजला शव बरामद हुआ। लाश मिलने की सूचना पर करतला पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाने शुरू किए। पुलिस फॉरेंसिक व खोजी डाग बाघा की मदद से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पुलिस साक्ष्यों को जुटाई है। प्रारंभिक जांच के दौरान जो बात सामने आई है हत्यारों ने युवक की बेरहमी से हत्या की है और उसके दोनों हाथ और पैर के उंगलियों को काटने के अलावा उसके गुप्तांग को काट दिया है और जंगल में उसके लाश को ले जाकर ठिकाना लगाया गया है। उसकी पहचान न हो सके इसके लिए लाश को भी जला दिया गया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना चार से पांच दिन पुरानी बतायी जा रही है। पुलिस का कहना है कि शिनाख्ती के बाद ही घटना की दिशा स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल हत्या, रंजिश या किसी अन्य आपराधिक वारदात की आशंका से इनकार नहीं किया गया है। फिलहाल पुलिस मृत युवक की पहचान हो सके इसके लिए जिला सहित आसपास के पड़ोसी जिलों को भी उसकी फोटो भेजी गई है। जिसके आधार पर उसकी पहचान कार्यवाही की जा सकेगी। शिनाख्ती के बाद ही पुलिसया जांच तेजी होगी।

**खास बातें**

- करतला थाना क्षेत्र के ग्राम औराई के खेत में मिली अधजली लाश
- फॉरेंसिक एक्सपर्ट व खोजी डाग बाघा की ली गई मदद



घटनास्थल पर जांच करती

# झुंड से बिछड़े दंतैल ने ग्रामीण पर किया हमला, बाल-बाल बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वन मंडल में 37 हाथियों का झुंड अलग अलग हो चुका है इसमें से एक दंतैल हाथी अपने झुंड से अलग हो चुका है और क्षेत्र में उत्पात मचाना शुरु कर दिया है। एक 50 वर्षीय अधेड़ तड़के दिशामैदान के लिए गया हुआ था जहां उसका सामना दंतैल हाथी से हो गया और उस पर हमला कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया है। जिसे गंभीरावस्था में उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं दंतैल हाथी के खतरे को देखते हुए वन विभाग की टीम उसकी ट्रैकिंग कर गांव गांव में मुनादी कर लोगों को सावधान करने में जुटा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि पिछले लंबे समय से कोरबा वन मंडल में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। मौजूदा स्थिति में हाथियों का झुंड कोरबा वन मँडल के विभिन्न परिक्षेत्रों में अलग अलग झुंड में विभक्त हो चुका है। इसमें से आधा दर्जन हाथियों का झुंड नदी पार कर ग्राम कनकी व उसके आसपास जा धमका था जबकि एक हाथी एक झुंड से बिछड़कर ग्राम कटबितला आ पहुंचा था। इस दौरान सुबह लगभग 5 बजे ग्राम कटबितला निवासी मुन्ना राम राजवाड़े उम्र 54 वर्ष पिता धनसाय दिशा मैदान के लिए गया हुआ था। जहां उसका सामना दंतैल हाथी से हो गया और दंतैल हाथी ने उसके उपर हमला कर दिया। हमले में घायल हो गए किसी तरह जान बचाकर वह घटनास्थल से भाग निकला। परिजनों को जब इसकी सूचना मिली तो परिजन अलसुबह मुन्नाराम राजवाड़े को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां वन विभाग ने पीड़ित ग्रामीण को आर्थिक सहायता राशि प्रदान कर दी है।

**खास बातें**

- कोरबा रेंज के ग्राम कटबितला में तड़के हुई घटना
- 37 हाथियों का झुंड हुआ अलग-अलग

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### झांसा देकर युवती से 1 लाख रुपए की ठगी

**बिलासपुर।** सस्ते में फ्रिज दिलाने का झांसा देकर एक युवती से 1 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, कंट्रक्शन कालोनी निवासी लालिमा महंती अपनी बहन व अन्य युवतियों के साथ पार्टनरशिप पर थोक में इलेक्ट्रानिक सामान खरीदकर दुकानों में बिक्री करने का काम करती है। सोशल मीडिया में मार्केटिंग ग्रुप में दिए गए मोबाइल नम्बर में लालिमा से संपर्क किया तो उन्हें सस्ते दामों में फ्रिज दिलाने की बात कही गई। उसके बाद उनसे फ्रिज भेजने के लिए 1 लाख रुपए आनलाइन ट्रांसफर करा लिया गया। उसके बाद मोबाइलधारक ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 व 66 ग, 66 घ आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### धान मंडी के पास तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने तलवार लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश सेंडे ने बताया, सोमवार को सूचना मिली एक युवक सेमरताल धान मंडी के सामने हाथ में तलवार रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी कर जय प्रकाश मानिकपुरी पिता स्व. रामायण दास मानिकपुरी 39 साल को पकड़कर तलवार बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### दो सूने मकानों से जेवर नकद चोरी, दो पकड़े गए

**बिलासपुर।** दो सूने मकानों से जेवर व नकद रकम, मोबाइल चोरी करने वाले दो नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से चोरी



के जेवर, नकद रकम, मोबाइल जब्त किया गया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 5 अक्टूबर 2025 को खमतराई आवासपारा निवासी लालाराम केंवट के सूने मकान से 7 हजार रुपए नकद, किराएदार के मकान से एक मोबाइल, दो नग नथनी, एक लाकेट, चांदी की चूड़ी, पायल की चोरी हो गई थी। इसी तरह खमतराई तीन पुलिया निवासी प्रकाश यादव 6 हजार रुपए नकद, सोने का मंगलसूत्र, दो मोबाइल की चोरी हो गई थी। पुलिस को पतासाजी के दौरान सूचना मिली कि खमतराई क्षेत्र के दो नाबालिग अनाप शनाप खर्च कर रहे हैं। पुलिस ने क्षेत्र में घेराबंदी कर दोनों नाबालिगों को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने उक्त दोनों मकानों में चोरी करना स्वीकर कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी के गहने व मोबाइल व करीब 6 हजार रुपए जब्त किए गए हैं।

### दो साल बाद फरार आरोपी जेल से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जमीन खरीदी बिक्री के मामले में 14 लाख की ठगी करने के मामले में दो साल से फरार आरोपी को पुलिस ने केन्द्रीय जेल से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसका भाई अब भी फरार है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, वर्ष 2022 में अमेरी शैलेन्द्रनगर निवासी इंशात त्रिपाठी ने रिपोर्ट लिखाई। जमीन खरीदने का झांसा देकर उनसे जमीन का दस्तावेज लेकर तारबाहर अंबा टावर निवासी पंकज बाजोरिया, चेतन बाजोरिया ने उक्त जमीन को बैंक में गिरवी रखकर 14 लाख रुपए लोन लिया था। पुलिस दोनों भाईयों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया था। घटना के बाद से दोनों भाई फरार थे। पतासाजी के दौरान जानकारी मिली पंकज बाजोरिया किसी अन्य के मामले में केन्द्रीय जेल में बंद है। पुलिस ने कोर्ट पर प्रोडेक्शन वारंट जारी करा कर जेल से आरोपी पंकज बाजोरिया को गिरफ्तार फिर से जेल भेज दिया है। वहीं उसका भाई चेतन बाजोरिया फरार है।

**कई सुविधाएं कागजों में ही**

**शहर को बी क्लास सिटी का दर्जा तो मिल गया परंतु निगम में जुड़ने वाले लोगों को सहूलियतें नहीं मिलीं**

# निगम डेढ़ गुना अतिरिक्त राजस्व वसूल रहा, इधर नाम तो मिल गया, परंतु सहूलियतें नहीं



अटल आवास वार्ड नंबर 3 उसलापुर में कचरे का साम्राज्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में तिफरा नगर पालिका, सिरगिट्टी और सकरी नगर पंचायत तथा 15 ग्राम पंचायतों मंगला, उस्लापुर, अमेरी, घुरू, परसदा, दोमुंहानी, देवरीखुर्द, मोपका, चिल्हाटी, लिंगियाडीह, बिजौर, बहतराई, खमतराई, कोनी एवं बिरकोना के शामिल होने से बिलासपुर नगर निगम को तो बी क्लास सिटी का दर्जा तो मिल गया परंतु जुड़ने वाले क्षेत्र के लोगों को निगम की आधुनिक सहूलियतें नहीं मिलीं। सीवरेज, अमृत मिशन, मैकेनाइज्ड सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन जैसी सुविधाएं पंचायत क्षेत्रों के लिए अभी भी सपना बन कर रह गई हैं।

वर्ष 2019 से पहले राज्य शासन ने नगर निगम में तिफरा नगर पालिका परिषद, सकरी व सिरगिट्टी नगर पंचायत समेत 15 ग्राम पंचायतों को शामिल किया था। अब यहां के निवासियों के अनुसार, वार्डों में अब तक सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, नियमित कचरा संग्रहण और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है। कई जगहों पर गलियों की हालत जर्जर है और बारिश के दौरान पानी भर जाने जैसी समस्याएँ आम हैं। लोगों ने बताया कि शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती।

### स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही

लोगों का कहना है कि निगम द्वारा नियमित रूप से संपत्ति कर, स्वच्छता कर और अन्य शुल्क वसूले जा रहे हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें वे सुविधाएँ अभी तक नहीं मिली हैं जिनका वादा क्षेत्र के निगम में शामिल होने के समय किया गया था। नगर निगम और स्मार्ट सिटी ने स्ट्रीट लाइट में ही दो करोड़ रुपए खर्च किए थे लेकिन नए वार्डों की सड़कें अब भी अंधेरे में हैं। कुछ जगह पीले हेलोजन जल रहे हैं कई जगह वे भी बंद हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निगम कर वसूली में सक्रिय है, तो सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी उतनी ही तत्परता दिखानी चाहिए।



वार्ड नंबर 14 बंधवापारा में गंदगी का आलम।

### सकरी क्षेत्र

निगम में मिलने के बाद सकरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 1व 2 की स्थिति और खराब हो गई है न साफ पीने का पानी लोगो को मिल रहा है और न ही सफाई ठीक से हो पा रही है। लोगों का कहना है कि इससे अच्छा तो नगर पंचायत के समय व्यवस्थाएं थीं। लोगों का कहना है कि वार्ड क्रमांक 2 अब्दुल कलाम नगर सहित पूरे सकरी क्षेत्र में सुविधाओं के नाम पर नगर निगम द्वारा मनमाने रूप में टैक्स की वसूली तो की जा रही है लेकिन उसके एवज में कोई भी सुविधा नहीं मिल रही। सड़क पर चारों ओर कचरा पसरा रहता है।

### सिरगिट्टी क्षेत्र

सिरगिट्टी में आवासपारा से मन्नाडोल तक जाने वाली 1300 मीटर लंबी डब्ल्यूबीएम सड़क पर दुपहिया वाहन चलाना भी कठिन है। 18 साल से यह सड़क इसी हालत में है। इसी तरह क्षेत्र के महिमा नगर, आदर्श नगर के साथ अन्य क्षेत्र के अंदरूनी हिस्से का जायजा लेने पर पता चला कि नाली तो बनाई गई है लेकिन बन्नाक चौक से रेलवे फाटक तक की सड़क पर पक्की नाली आज तक नहीं बनाई गई है। ऐसे में घरों से निकलने वाला पानी क्षेत्र के जगह-जगह में डबरे का निर्माण करता है। साथ ही सफाई, पेयजल, सड़क की प्रकाश व्यवस्था, नाली आदि की व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है।



तिफरा यदुनंदन नगर कचरे से पटा।

### नियमित कचरे का उठाव भी नहीं

नए वार्डों के निवासियों का कहना है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद उनसे उम्मीदें बढ़ी थीं कि अब नियमित सफाई, पक्की सड़कें और साफ पेयजल की सुविधा मिलेगी। वास्तविकता लेकिन यह है कि अभी भी कई मोहल्लों में नियमित कचरा संग्रहण भी नहीं हो रहा है। सड़क निर्माण की बात करें तो कई वार्डों में कच्ची या जर्जर सड़कों पर चलना भी मुश्किल हो जाता है।

### सफाई है मुख्य समस्या

मुख्य समस्या सफाई को लेकर ही है। नियमित कचरे का उठाव नहीं हो पा रहा। 5 टीपर निगम की ओर से मिले थे जो काफी पहले खराब हो गए थे। इनमें से दो को बनवाया गया है। इसके साथ ही हाथ ठेले से कचरे का उठाव किया जा रहा है।

**- दिलीप कुमार कोरी,**
पार्षद, वार्ड क्रमांक 2

### ध्यान देने कहा गया है

ऐसा नहीं है कि नए क्षेत्रों में बिलकुल काम नहीं हो रहा है। कुछ शिकायतें जरूर मिलीं हैं। खास तौर पर कचरे के उठाव के बारे में लोग अधिक समस्या बता रहे हैं। सभी जोन कमिश्नर को कहा गया है कि एसआईआर के साथ ही सुविधाओं पर भी ध्यान देना जरूरी है।

**- श्रीमती पूजा विधानी,**
महापौर

**तिफरा स्थित बिजली कार्यालय में बनाया गया टेस्टिंग लैब**

# मीटर टेस्टिंगः भिलाई जाने की मजबूरी खत्म शहर में टेस्ट होंगे सिंगल व 3 फेस मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। बिजली मीटर में खराबी की शिकायत के बाद उपभोक्ताओं और बिजली अधिकारियों को भिलाई जाने की मजबूरी से छुटकारा मिल सकेगा। इस माह के अंत तक तिफरा स्थिति सेंट्रल मीटर टेस्टिंग लैब शुरू हो जाएगा। करीब 2 करोड़ की लागत से लैब की स्थापना की गई है।

स्मार्ट मीटर में अधिक रीडिंग की शिकायत के बाद प्रदेश में मीटर टेस्टिंग लैब की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने और स्मार्ट मीटरों की जांच प्रक्रिया को तेज करने के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं। स्मार्ट मीटर की बढ़ती संख्या को देखते हुए रायपुर और बिलासपुर में दो नए अत्याधुनिक लैब बनाए गए हैं। बिलासपुर में लैब की मशीन लगाई जा चुकी है। अहमदाबाद की जेरा कंपनी द्वारा लगाए गए इस लैब में एक बार में 20 स्मार्ट मीटरों की टेस्टिंग की जा सकेगी, जिसमें महज 2 घंटे के भीतर उपभोक्ताओं को रिपोर्ट सौंपी जा सकेगी। लैब में सिंगल और 3 फेस मीटरों की टेस्टिंग की जा सकेगी, प्रारंभिक चरण में महज स्मार्ट मीटर ही टेस्ट किए जाएंगें। जानकारों के मुताबिक अब पुराने मीटर रिप्लेस किए जा रहे है ऐसे में स्मार्ट मीटर की टेस्ट रिपोर्ट ही लैब जनरेट करेगी।



तिफरा बिजली कार्यालय में बनाया गया टेस्टिंग लैब।

### भिलाई जाने पर होना पड़ता था परेशान

भिलाई में एक पुराना लैब है, पहले पारंपरिक मीटरों की जांच होती थी। अब यहां स्मार्ट मीटरों की भी टेस्टिंग की जा रही है। नया रायपुर में सीपीआरआई का लैब करीब छह महीने पहले किया गया है। जिसमें नए और पुराने दोनों प्रकार के मीटरों की जांच हो रही है। खास बात यह है कि भिलाई जाने के लिए उपभोक्ता और बिजली अधिकारियों को एक साथ जाना पड़ता था, इसमें समय और रूपए दोनों खर्च होते थे, जिससे निजात मिलेगी। बिलासपर में लैब बनने के बाद मुंगेली, पेंड्रा, रायगढ़, सरगुजा संभाग के भी मीटरों की टेस्टिंग की जा सकेगी।

### स्थापना व्यय बढ़ेगा, होगी भर्ती

बिजली विभाग में जल्द ही मीटर टेस्टिंग सेक्शन बनाया जाएगा। जिसमें ईई, एई, जेई और टेस्टिंग स्टाफ की भर्ती की जाएगी, जाहिर है इससे स्थापना व्यय बढ़ेगा लेकिन यह विभाग के लिए बेहद जरूरी हो चुका है। वर्तमान में लैब की स्थापना में मशीनों का इंस्टालेशन जारी है, कम्प्यूटर साफ्टवेयर अपडेट किए जा रहे हैं।

### बढ़ाई गई हैं सुविधाएं

लैब बन कर तैयार है, इससे पहले मीटर टेस्टिंग के लिए भिलाई भेजा जाता है। अब बिलासपुर में ही स्मार्ट मीटर की टेस्टिंग हो सकेगी। उपभोक्ताओं के लिए सुविधाएं बढ़ाई गई है।
एके अम्बस्ट, सीई, विद्युत विभाग

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



मृतक।

कोनी थाना के एएसआई चिरंजीव राठौर ने बताया, 30 नवंबर को जलसो निवासी अखवरलाल सूर्यवंशी पिता धनीराम सूर्यवंशी 40 साल दोस्त मनीराम के साथ काम से पौंसरा गए थे। काम निपटाने के बाद शाम 6.30 बजे दोनों बाइक से गांव लौट रहे थे। लौटते समय पौंसरा में सामने से जा रहे ट्रैक्टर इंजन क्रमांक सीजी 10 बीजेड, 4441 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों ग्रामीण घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया। सूचना पर परिजन के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद अखवरलाल सूर्यवंशी को मृत घोषित कर दिया। 1 दिसंबर को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### कार सवार ने आटो को मारी टक्कर

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उसलापुर आनंदनगर निवासी विष्णु सिंह राजपूत 30 नवंबर को अपने आटो क्रमांक सीजी 10 सीए, 0937 में प्याज लेकर तिफरा से राजकिशोरनगर जा रहे थे। दोपहर 1 बजे महाराणाप्रताप चौक फ्लाई ओवर ब्रिज पर राजीव गांधी चौक की ओर से जा रही कार क्रमांक सीजी 11 बीजी, 7257 के चालक ने मोबाइल में बात करते हुए आटो को टक्कर मार दी। जिससे आटो पलट गया और चालक को चोट आई है।

# शाम ढलते ही छाया अंधेरा, डेढ़ घंटे बंद रही बिजली

**बिलासपुर।** ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण सोमवार की शाम अचानक मध्यनगरीय क्षेत्र में बिजली ठप हो गई। करीब 5.30 बजे से बंद बिजली 7.10 बजे शुरू हो सकी। इस दौरान व्यापारियों के साथ ही आम लोगों को खासी दिक्कतों सामना करना पड़ा, हालांकि डेढ़ घंटें बाद सप्लाई नार्मल हो गई। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण जूनी लाइन के साथ ही मध्यनगरीय चौक, सरजू बगीचा, करोना चौक जैसे इलाकों में शाम ढलते ही बिजली बंद हो गई। करीब 5.30 बजे अचानक बिजली बंद होने से लोगों के घरों में अंधेरा छा गया है। बिजली के कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने फ्यूज कॉल में संपर्क किया लेकिन बिजली बंद होने का कारण उन्हें भी नहीं पता चल सका। इसके के बाद उपभोक्ताओं ने जेई और एई से संपर्क किया और बिजली बंद की शिकायत की।

- **सरजू बगीचा, मध्यनगरी, जूनी लाइन, करोना चौक में सप्लाई ठप**

**ट्रांसफार्मर फेल होने के बाद जागा विभाग**



इस दौरान जानकारी मिली कि जूनी लाइन में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर अचानक फेल हो गया है, जिसे बदलने में विभाग को डेढ़ घंटे का समय लगा। करीब शाम के डेढ़ घंटे तक बिजली बंद होने से लोग हलाकान हो गए।

### एई छुट्टी पर, जेई ने नहीं उठाया फोन

खास बात यह है कि गोल बाजार जोन की एई प्रीता एक्का वर्तमान में शहर से बाहर है और छुट्टी पर है, इस दौरान जेई देव सिंह कंवर प्रभार पर है लेकिन बिजली बंद होने के बाद उपभोक्ताओं ने संपर्क किया लेकिन जेई ने उपभोक्ताओं का फोन उठाना जरूरी नहीं समझा। जेई के फोन नहीं उठाने के बाद उपभोक्ताओं ने ईई भरत भूषण नेताम से शिकायत कर बिजली बंद होने की जानकारी दी।

# रैनखोल वन परिक्षेत्र में पखवाडे भर से घूम रहा हाथियों का दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के वनपरिक्षेत्र रैनखोल सहित आधा दर्जन से अधिक गांवो में हाथियो की धमक से दहशत का माहौल है। यहां पखवाडे भर से 13 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है जिसके कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। हाथी का दल धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है।

सक्ती जिले के वनांचल ग्राम रैनखोल सहित बासीनपाठ, सहिलाभाठा, भुईगांव, गुंजी बरपाली में इन दिनों हाथियों के झुंड पहुंचने को लेकर दहशत का माहौल है। बताया जाता है कि सीमावर्ती कोरबा जिले से 13 हाथियों का झुंड पखवाडे भर से रैनखोल क्षेत्र में विचरण कर रहा है। हाथियों के झुंड पहुंचने से धान की फसलों को सर्वाधिक नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण भी भयभीत है। वर्तमान में धान कटाई का काम चल रहा है लेकिन क्षेत्र में हाथियों का झुंड के पहुंचने से ग्रामीण खेत जाने से भी डरने लगे है। इधर वनांचल क्षेत्रो में हाथियो के बढते धमक को देखते हुए वन विभाग की टीम के द्वारा किसी भी हालत से निपटने के लिए अफसर एवं कर्मचारियो की अगुवाई में टीम का गठन भी किया गया है, जो हाथियो की हर गतिविधियो पर नजर रखे हुए है। वन परिक्षेत्रो में हाथियो के आने के कारण जहां लोगो का घरो से निकलना मुशकिल हो गया है। वही सबसे अधिक प्रभाव धान की फसलो पर पड रहा है। धान की कटाई वनांचल के गांवो में प्रारंभ हो चुकी है।

## सार्वजनिक जगह पर शराबखोरी करने वाले गिरफ्तार

**अकलतरा।** अकलतरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कार्रवाई करते हुए गांजा, शराब पीने वाले व अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कानूनी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी अकलतरा निरीक्षक भास्कर शर्मा के द्वारा टीम के साथ 29 नवंबर की रात्रि में थाना अकलतरा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु अलग-अलग पुलिस टीम रवाना किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम के द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के सकुनत पर घेरा बंदी कर चेक किया गया चेकिंग के दौरान एक आरोपी के कब्जे से 6 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद जिसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। इसी दौरान टीम ने एक व्यक्ति को चिलम से गांजा पीते हुए पकड़ा। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया वहीं एक व्यक्ति को सार्वजनिक जगह पर शराब पीते हुए पकड़ा जिसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

# बिल्हा के बड़े फड़ में एसीसीयू का छापा, चार जुआरी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लंबे समय से बिल्हा क्षेत्र में चल रहे फड़ में एसीसीयू टीम ने छापा मारकर जुआ खेलते 4 जुआरियों को पकड़ लिया है। वहीं छापे की खबर मिलने पर अन्य बड़े जुआरी भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीसीयू टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बिल्हा क्षेत्र में जगह बदल बदलकर बड़ा फड़ संचालित किया जा रहा है। रविवार को टीम को पता चला कि नोवा कंपनी के पीछे मांझी डेरा के पास जुआरी एकत्रित होकर मोटी रकम दाव में लगा रहे हैं। टीआई अजहरउद्दीन के निर्देश पर टीम ने मौके पर घेराबंदी की गई। फड़ से दूर में बैठे जुआरियों के

- **लंबे समय से बिल्हा क्षेत्र में चल रहा जुआ का फड़**

मुखबिर से उन्हें देखकर जुआ खिलाने वाले को पुलिस के छापे की सूचना दे दी। जिससे फड़ में भगदड़ मच गई और लोग भागने लगे। टीम ने दौड़ाकर चार जुआरी संतोष भास्कर पिता अमर भास्कर दगौरी, प्रेमप्रकाश महिलांगे पिता भुवन महिलांगे भरतपुर बलौदाबाजार, शरद मनहर पिता उमेंद्र भैसबोड, बेअंतजीत टण्डन पिता महात्मा टण्डन उड़नताल निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 14 हजार 200 रुपए, दो बाइक जब्त किया गया है। वहीं जुआ खिलाने वाला व अन्य जुआरी खार का फायदा उठाकर भाग गए। टीम ने जुआरियों को बिल्हा पुलिस के हवाले कर दिया। बिल्हा पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। बताया जाता है मनीष ध्रुव क्षेत्र में सक्रिय होकर लंबे समय से जुआ खिला रहा है।

### हिर्री क्षेत्र में पकड़े गए 5 जुआरी

हिर्री ने झल्फा मोबाइल टावर के पास जुआ खेलते राजा साहू, दीपक साहू, हरिराम यादव, विजय दास मानिकपुरी, शेर सिंह कोसले को पकड़ लिया है। उनके पास से 1680 रुपए, एक स्कूटी, 5 मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## छात्र व शराब खरीदने गए युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग दो घटनाओं में मामूली विवाद पर छात्र व शराब खरीदने गए युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, जशपुर बागबहार मांकर चुवां निवासी सनत कुमार भगत पिता रामदेव भगत दयालबंद नारियलकोठी में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। 30 नवंबर की शाम 5.30 बजे वे किराना दुकान से मच्छर अगरबत्ती खरीदकर मोबाइल में बात करते रूम जा रहे थे। सुलभ शौचालय के पास चप्पू सोनकर ने उन्हें ऊपर जाकर बात करने कहा। उन्होंने उसके साथी को समझाने को कहा तो चप्पू सोनकर ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर हमलावर चप्पू सोनकर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तालापारा संजय नगर निवासी अजय चौहान पिता अशोक चौहान 30 नवंबर को रात 9 बजे महाराणाप्रताप चौक स्थित शराब दुकान में शराब लेने गए थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने अचानक उन पर चाकू से हमला कर दिया।

## खबर संक्षेप

### बोईदा में 44 क्विंटल धान की बोहनी कर खरीदी का शुभारंभ

**हरदीबाजार।** धान उपार्जन केंद्र बोईदा में 44 क्विंटल 40 किलो धान का बोहनी कर किया। शुभारंभ ग्राम झांझ निवासी कुसुम चंद्रिका उईके द्वारा धान बेचा गया। जिसकी फूल माला श्रीफल से स्वागत करते हुए धान की बिक्री की बोहनी की गई। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा मुख्य अतिथि रहे। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी का पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात श्री शर्मा के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा चलाया जा रहे अभियान के बारे में जानकारी देते हुए किसानों के हित में चर्चा की गई। यह भी कहा गया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए। सही समय पर बरदाना मिलनी चाहिए ,ठंड के लिए अलाव और पीने के लिए पानी की व्यवस्था रहेगी। इस दौरान सरपंच संजय राज, पूर्व जनपद सदस्य कौशल श्रीवास, पूर्व सरपंच चंद्रिका उईके, पूर्व सरपंच दशरथ सिंह कंवर, खम्मन प्रसाद खैरवार, प्रबंधक तुलाराम यादव, जनक राम पटेल, शांति लाल पटेल, राम सिंह नामक, बंशी पटेल, बालमुकुंद, साधु राम, गोविंद फंड प्रभारी सहित कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कार्यशाला में बताया गया तनावमुक्ति के लिए ध्यान का महत्व

**कोरबा।** ब्रह्माकुमारीज़ आध्यात्मिक ऊर्जा पार्क गेरवाघाट में तनाव मुक्ति के लिए ध्यान का महत्व विषय पर एक विशेष आध्यात्मिक सत्संग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर उपस्थित रहीं। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, डॉ. के.सी. देवनाथ, ब्रह्माकुमारीज़ कोरबा सेवाकेंद्र की संचालिका बी.के. रुक्मणी दीदी साथ वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके बिंदु भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ शांतिमय वातावरण में दीप प्रज्वलन और राजयोग के अनुभव से हुआ। बड़ी संख्या में नागरिक, महिलाएं तथा युवा वर्ग ने इस आयोजन में भाग लेकर तनावमुक्त जीवन की विधियों को सीखा। इस अवसर पर संजू देवी राजपूत ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव हमारे स्वास्थ्य, व्यवहार और निर्णय क्षमता को प्रभावित करता है। ऐसे समय में ब्रह्मा कुमारीज़ द्वारा दिया जाने वाला राजयोग ध्यान न केवल मानसिक शांति देता है, बल्कि सकारात्मक सोच व आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि यदि हम प्रतिदिन कुछ समय अपने मन को शांत करने में लगाएँ, तो परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र में संतुलन बना सकते हैं।

### डीएसपीएम संयंत्र से सेवानिवृत्त अधिकारियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी से मुख्य रसायनज्ञ जितेन्द्र सिंह, एवं अधीक्षण अभियंता, महेश चंद्र सोनी माह नवम्बर में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुए। कार्यक्रम संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल की अध्यक्षता में एवं अति. मुख्य अभियंता राजा बाबू कोसरे, राजेश्वरी रावत, एलएन सूर्यवंशी, समीर देशपांडे एवं चिकित्सकीय सलाहकार डॉ. एससी खरे के विशिष्ट आतिथ्य में तथा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी एवं परिजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मंचस्थ विशिष्ट अतिथिगण द्वारा सेवानिवृत्ति कर्मी को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी, से सम्मानित कर विदाई दी। संजीव कंसल ने सेवानिवृत्त हो रहे जितेन्द्र सिंह एवं महेश चंद्र सोनी के सेवा के बारे में बताया। कार्यपालन अभियंता पन्ना लाल साहू द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी का संक्षिप्त परिचय का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता (मा.संसा.) देवी शंकर राय, वरि. कल्याण अधिकारी सह मुख्य रसायनज्ञ गोवर्धन सिदार, रजनी मरावी, राजीव पाल, महिपाल कैवर्त, भुवनेश्वरी साहू, जयमंगल साहू, जीवन एवं राजकुमार केंवट का सहयोग रहा।

### स्वास्थ्य शिविर में नागरिकों का किया गया निःशुल्क उपचार

**कोरबा।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा बालको द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा के सहयोग से शनिवार को श्री अवधूत भगवान राम सेवा आश्रम परिसर में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में 250 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने जुकाम, खांसी, चर्म रोग, रक्तचाप, शुगर, पेट संबंधी समस्याएं, स्त्रीरोग, नेत्र रोग, गठिया, वात, बवासीर, जोड़ों के दर्द सहित कई बीमारियों की जांच कर उपचार प्रदान किया। साथ ही सभी रोगों से संबंधित दवाइयाँ भी पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। रक्त की जांच के लिए अलग से काउंटर बनाए गए थे, जहां लोगों ने उत्साह से स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर उपस्थित हुईं। उन्होंने शिविर में कार्यरत डॉक्टरों का शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया और निःस्वार्थ सेवा के लिए उनकी सराहना की। इस अवसर पर संतोष शांडिल्य, पार्षद सत्येंद्र दुबे, रामायण सूर्यवंशी, आर.के. द्विवेदी तथा श्रीमती राजकुमारी देवांगन भी मौजूद रहे। डॉक्टरों की टीम में डॉ. निषाद दत्ता, डॉ. लक्ष्मीकांत पटेल, डॉ. नागज्योति राठौड़, डॉ. दिव्या, हरीश कुमार कश्यप और नीरज कुमार साहू पूरे दिन लोगों की सेवा में लगे रहे। महापौर ने कहा कि आज के समय में स्वस्थ रहना जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## एसडीएम के नेतृत्व में कटघोरा में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर, दुकानदारों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर में लंबे समय से बढ़ते अतिक्रमण पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए सोमवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। एसडीएम तन्मय खन्ना के निर्देश पर नगर पालिका परिषद, पुलिस प्रशासन और अन्य अधिकारियों की संयुक्त टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों पर चल रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर चलवाया। इस कार्रवाई से दुकानदारों और बेजा कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया और कई जगह विरोध के स्वर भी उठे।

न्यू बस स्टैंड, अम्बिकापुर मार्ग, बिलासपुर मार्ग और कोरबा मार्ग इन चार मुख्य स्थानों पर अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा था। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर शेड लगाकर सामान सजाना शुरू कर दिया था, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो रही थी और आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी। प्रशासन की टीम ने इन सभी जगहों पर बने अवैध ढांचों को तोड़कर रास्ता साफ किया। नगर पालिका कटघोरा द्वारा दुकानदारों को कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अधिकांश ने इसे नजरअंदाज कर दिया। अंततः मजबूरन प्रशासन को सख्त एक्शन लेना पड़ा। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध जताते हुए कहा कि उन्हें बिना नोटिस दिए अचानक कार्रवाई की गई, जबकि कुछ ने इसे अपनी रोजी-रोटी पर प्रहार बताया। उनका आरोप था कि बड़े लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। सुबह से शुरू हुई यह कार्रवाई करीब चार घंटे तक चली। इस दौरान एसडीएम तन्मय खन्ना स्वयं सड़कों पर पैदल चलते हुए अतिक्रमण की पहचान करते रहे और मौके पर ही अवैध निर्माण हटवाते रहे। कई जगह उन्होंने दुकानदारों को समझाइश भी दी कि स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा प्रशासन को कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। नगर पालिका के सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी, राजस्व विभाग की टीम और नगर पालिका के कर्मचारी पूरे अभियान में शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे, जिससे किसी भी संभावित विवाद या अव्यवस्था पर नियंत्रण रखा जा सके।


अतिक्रमण हटाते जेसीबी मशीन।

**नगर को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने का जारी रहेगा प्रयास**

एसडीएम तन्मय खन्ना और सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने स्पष्ट किया कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने का लक्ष्य है और इस दिशा में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण भविष्य में भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया कि आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी। कटघोरा नगर में हुई यह अब तक की सबसे बड़ी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई मानी जा रही है, जिसने न केवल शहर की सड़कों को राहत दी है बल्कि आने वाले दिनों में ऐसे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लोगों को जागरूक भी किया है।

# बच्चों के रहने, खाने, स्वास्थ्य, शिक्षा की व्यवस्थाओं का रखें खास ध्यान : राजवाड़े



**खास बात**

- महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला एवं बाल विकास मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा ने जिले में संचालित बाल संप्रेषण गृह (बालक), बाल गृह (बालिका) एवं बाल गृह (बालक) का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े और अध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने बच्चों से संवाद करते हुए उनकी आवश्यकताओं, उपलब्ध सुविधाओं और देखभाल की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने संस्थाओं में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश देते हुए बच्चों के रहने, खाने, स्वास्थ्य, शिक्षा और देखभाल से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को पूर्णतः मानक अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु संस्था अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। अधिनियम अंतर्गत तैयार किए जाने वाले रिकॉर्ड, पंजी और शासन द्वारा जारी निर्देशों को अद्यतन रखने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि बच्चों से संबंधित सभी प्रक्रियाएँ नियमों के अनुरूप संचालित हो सकें। मंत्री एवं अध्यक्ष द्वारा सभी संस्थाओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त उपलब्धता और उनका सुचारु रूप से क्रियाशील रहना सुनिश्चित किया जाए, साथ ही प्रशिक्षित सुरक्षा गार्डों की उचित तैनाती भी आवश्यक है। संस्थाओं के प्रवेश-द्वारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी को भी अनिवार्य बताया गया, ताकि बच्चों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी न रहे। निरीक्षण के दौरान मंत्री एवं अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों की सुरक्षा, देखभाल, अधिकार संरक्षण एवं पुनर्वास से संबंधित सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के लिए सुरक्षित, संवेदनशील और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसे समयबद्ध रूप से पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसन्त और डीपीओ श्री बसंत मिंज भी उपस्थित थे।

# सुरक्षा, तकनीक, प्रशिक्षण और संसाधन के साथ जागरूकता पर देना होगा ध्यान : हरीश



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हम सभी को मिलकर शून्य दुर्घटना लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगातार प्रयास करते रहने होगा। हम सभी को जाने-अनजाने कोई भी ऐसा काम नहीं करना है जिससे हमारी या हमारे साथियों की जान जोखिम में पड़ जाए और सुरक्षा हम सभी की ज़िम्मेदारी इस विचारधारा के साथ हमें कार्यनिष्पादन करना होगा। खदान में शून्य दुर्घटना लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें हरसंभव प्रयास करना होगा और खदानों में कर्मियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना होगा।

उक्त बातें अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने निदेशक तकनीकी ने एसईसीएल मुख्यालय में आयोजित वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह क दौरान कही। इस अवसर पर एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुरक्षा ध्वज फहराकर किया गया। निदेशक तकनीकी एन. फ्रैंकलिन जयकुमार ने कहा कि सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सुरक्षा लक्ष्य के प्राप्ति के लिए कार्यसंस्कृति में अनुशासन और अभिवृत्ति पर ज़ोर दिया। सुरक्षा पखवाड़ा सुरक्षा के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराने, हमारे कर्मियों के प्रयासों को सम्मान देने एवं सुरक्षा को लेकर नए मापदंड स्थापित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रारंभ में अतिथियों द्वारा शहीद स्मारक व खनिक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सुरक्षा शपथ का पठन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया जिसे समस्त उपस्थितों ने दोहराया। कार्यक्रम में शहीद श्रमवीरों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मंचस्थ अतिथियों द्वारा "सुरक्षा से समृद्धि बुकलेट" जिसमें सुरक्षा मानकों का उल्लेख है का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कुसमुंडा क्षेत्र टीम द्वारा सुरक्षा विषय पर नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष सह प्रबंध, निदेशक, निदेशक (कार्मिक), मुख्य सतर्कता अधिकारी ने एसईसीएल के सभी कोयला क्षेत्रों में सुरक्षा सन्देश के प्रसार-प्रचार के लिए सुरक्षा रथ को फ्लेग आफ कर रवाना किया। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व शेख जाकिर हुसैन, मुख्य प्रबंधक द्वारा निभाया गया।

**खास बात**

- 14 दिसंबर तक एसईसीएल मुख्यालय में चलेगा पखवाड़ा

# ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के साथ संजू का सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व कबड्डी चैंपियन संजू देवी का पाली में सोमवार को एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण सम्मान किया गया। संजू देवी के आगमन पर पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। शिव मंदिर चौक पर स्वागत मंच को भव्य रूप से सजाया गया था, जहां विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर चैंपियन का पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और केक काटकर जोरदार अभिवादन किया। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाज़ी के बीच संजू देवी का स्वागत एक ऐतिहासिक दृश्य बन गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक तुलेश्वर मरकाम ने कहा कि संजू देवी सिर्फ पाली की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश और देश की पहचान बन चुकी हैं। उन्होंने संजू देवी को 51 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संजू देवी को सरकारी नौकरी, जिला खनिज न्यास से सम्मान राशि तथा 3 करोड़ की पुरस्कार राशि देने की मांग की। विधायक मरकाम ने कहा कि संजू देवी ने गरीबी और संघर्ष को पार करते हुए विश्व कबड्डी वर्ल्ड फाइनल मुकाबले पर 16 अंक हासिल कर भारत का तिरंगा ऊँचा किया है। आज पूरा विश्व सोशल मीडिया में केवल संजू ही संजू की चर्चा कर रहा है। हमारी यह बेटी प्रदेश का ही नहीं, भारत का मान बढ़ाकर लौटी है। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल ने भी संजू देवी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान सिर्फ एक खिलाड़ी का नहीं, बल्कि उस माता-पिता का भी है जिन्होंने संजू जैसी प्रतिभाशाली बेटी को जन्म दिया। उन्होंने कहा संजू देवी ने अपने पंचायत, ब्लॉक, जिले, प्रदेश और पूरे भारतवर्ष का नाम गर्व से ऊँचा किया है। उनका जुनून, साहस और लक्ष्य के प्रति निष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। इस गौरवशाली पल ने न केवल संजू देवी का उत्साह बढ़ाया, बल्कि क्षेत्र के सभी खिलाड़ियों खासकर बेटियों के लिए एक प्रेरक संदेश दिया संघर्षों के बावजूद सपने पूरे किए जा सकते है। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लॉक कबड्डी संघ सचिव व विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम टेकाम का सराहनीय योगदान रहा हैं। जिला कबड्डी संघ सचिव संजू की कोच अनुज प्रताप और शहीद पंकज अवार्ड पुरस्कृत और बीजापुर में कोच रहे रवींद्र यादव को भी फूलमाला पहनकर भव्य स्वागत किया गया।

**खास बातें**

- विधायक तुलेश्वर ने कहा संजू प्रदेश ही नहीं देश की बन चुकी है पहचान
- 51 हजार की प्रोत्साहन राशि की गई प्रदान


सम्मान समारोह के दौरान चेक प्रदान करते विधायक।

# राष्ट्रीय जम्बूरी में जिले के स्काउट्स-गाइड्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले में कोरबा के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने भागीदारी की। 23 से 29 नवम्बर तक लखनऊ उत्तर प्रदेश में 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा डायमंड जुबली जम्बूरी का भव्य आयोजन हुआ। इसमें देश- विदेश से 35 हजार से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से 363 के दल ने जम्बूरी में भागीदारी की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जिले के दल में गाइड याशिका साहू, इप्शिता सिंह, रिया चन्द्रा, एस. देवी, झील मांझी, साक्षी, श्रृति देवांगन, निमिशा, रागनी कुर्रे, दीप्ति पटेल, अदिती सिंह, सरस्वती ध्रुव, स्काउट अनुराग, प्रभात, प्रिंस कंवर, अमित साव, पंकज कुमार जांगड़े, विद्याभूषण महंत, नीरज पटेल सहित प्रभारी के रूप भूपेन्द्र वर्मा, गनेशी सोनकर शामिल हुईं। सर्विस रोवर, रेंजर के रूप में पप्पू चन्द्रा, चेतन देवांगन, पलक पटेल, सुप्रिया साहू द्वारा सेवाएं दी गईं। राज्य स्टॉफ में एएलटी लीडर एसआर अमित को सहभागिता का अवसर मिला। प्रतिभागियों की मार्च पास्ट, लोक नृत्य, फूड प्लाजा, स्किल- ओ- रामा, फिजिकल डिस्प्ले, कलर पार्टी, एथनिक फैशन शो, राज्य प्रदर्शनी, रंगोली, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, गेट, कैंप क्राफ्ट, चलित झांकी, कैंप फायर, टेंट पिचिंग आदि प्रतियोगिता एवं गतिविधियों में भागीदारी हुई।



## पृष्ठ 1 का शेष

### एसईसीएल थाने के...

जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण हरदीबाजार थाना पहुंचे और थाना का घेराव कर विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया। दरअसल तहसीलदार हरदीबाजार की उपस्थिति में एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा ग्रामवासियों के द्वारा किसी भी प्रकार के विरोध न हो उसके लिए हरदीबाजार थाना के छत को सुरक्षित जगह समझ कर सराईसिंगार, हरदीबाजार का ड्रोन सर्वे करने की कोशिश कि जा रही थी। हालांकि जब इसकी खबर सराई सिंगार, हरदीबाजार व रेंकी के ग्रामीणों को हुई तो बड़ी संख्या में ग्रामवासी थाना हरदीबाजार पहुंचे और ड्रोन सर्वे का जमकर विरोध किया और जब तक ड्रोन नहीं नहीं उतारा गया तब तक अडे रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने हरदीबाजार थाना का दुर्पयोग कर ग्रामीणों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने व शनिवार को बिना किसी सहमति, चर्चा हुई ड्रोन सर्वे की लिखित शिकायत थाना हरदीबाजार में दी थी। जिस पर एसईसीएल के सीनियर एरिया अधिकारी आर के सिंह ने स्पष्ट कहा था कि जब तब ग्रामवासियों से चर्चा नहीं होगी तब तक ड्रोन सर्वे नहीं होगा। बावजूद इसके एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा बिना सहमति के ड्रोन सर्वे करने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और घंटों तक थाना का घेराव कर दिया। तहसीलदार हरदीबाजार राजभानू, थाना प्रभारी मृत्यंजय पांडेय व एसईसीएल दीपका प्रबंधन के अधिकारी रौशन मेश्राम मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीण एसईसीएल दीपका प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। उन्होंने कहा कि गांव के हितों के संबंध में चर्चा होने के बाद ही ड्रोन सर्वे हो अन्यथा एसईसीएल दीपका प्रबंधन को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा न मकानों की किसी भी तरह की नापी सर्वे करने दिया जाएगा। आखिरकार हरदीबाजार तहसीलदार कार्यालय में गुरुवार की दोपहर एसडीएम पाली व दीपका प्रबंधन के सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में त्रिपक्षीय बैठक रखने और चर्चा करने की बात पर ग्रामीण माने और थाना का घेराव समाप्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, अजय दुबे, नरेश टंडन, श्यामू जायसवाल, सराई सिंगार सरपंच सोनसाय भैना, हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर, रेंकी सरपंच तिजराम उर्रे, व्यास राठौर, विजय साहू, फिरोज खान, पंकज धुर्वा, छोटे लाल पटेल, अनिल टंडन, शिव यादव, कृष्णा पटेल, इशख्क खान, मुकेश नामदेव, चंद्रिका प्रजापति, अजय यादव, राजेश जायसवाल, अरुण राठौर, रामप्रसाद यादव, छत्रभान राठौर, संतोष पोर्ते, जागेलाल, दुर्गेश डिक्सेना, प्रेम डिक्सेना, आशीष अग्रवाल, शम्मी जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में सराई सिंगार,हरदीबाजार व रेंकी के जनप्रतिनिधी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### भूविस्थापित महिलाओं...

अन्य मूलभूत सुविधाओं की वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान न मिलने से आक्रोशित महिलाओं ने मुख्य द्वार पर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। भू-विस्थापित महिलाओं में गोमती केवट, काजल, इन्द्रा, सरिता, टिकैतराम बिंझवार, पूनम और मीना कंवर सहित अन्य महिलाएँ शामिल हैं। इन सभी ने स्पष्ट कहा है कि यदि आंदोलन के दौरान कोई अप्रिय स्थिति बनती है या कोयला उत्पादन प्रभावित होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन की होगी। कुसमुंडा परियोजना से प्रभावित इन महिलाओं का कहना है कि वे लगभग 22 वर्षों से रोजगार, बसाहट और पुनर्वास से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याएँ आज तक अनसुनी ही बनी हुई हैं। महिलाओं ने बताया कि 17 नवंबर को भी उन्होंने एसईसीएल कुसमुंडा कार्यालय में गेट जाम आंदोलन किया था। उस दौरान मौके पर पहुंचे दर्री तहसीलदार ने 21 नवंबर को बैठक आयोजित कर समस्याओं के समाधान का लिखित आश्वासन दिया था। लिखित आश्वासन के बाद भी मांगे पूरी नहीं होने से भूविस्थापित महिलाओं का आक्रोशित बढ़ गया। यही वजह है कि भूविस्थापित महिलाओं ने सुबह से ही मुख्यद्वार पर ताला जड़कर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। यहां बताना होगा कि महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर कई बार गेट बंद और खदान बंदी आंदोलन भी किया है। महिलाओं का आरोपी है कि एसईसीएल एवं जिला प्रशासन के झूठे आश्वासनों ने हमें त्रस्त कर दिया है। 21 नवंबर की बैठक का वादा भी छलावा साबित हुआ। अब जब तक ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, हम गेट नहीं छोड़ेंगे। देर रात तक भूविस्थापित महिलाएं कार्यालय के मेनगेट पर धरना प्रदर्शन पर डटी रहीं।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरुष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिफलिस, गनोरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 202511050700049/बी-121/2024-25 ग्राम-कटघोरा, प.ह.नं. 10, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा**

एतद् द्वारा आम जनता मौजा कटघोरा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. व तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका आकृति अग्रवाल पिता रतन लाल उम्र 19 जाति अग्रवाल निवासी ग्राम. कटघोरा तह० कटघोरा, जिला-कोरबा छग के द्वारा अपने स्वयं के शिक्षा/शासकीय नौकरी में आरक्षण हेतु ई.डब्बलू.एस प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन/अन्य दस्तावेज के साथ शपथ पत्र में परिवार का वार्षिक आय एवं वर्तमान आय प्रमाण पत्र का 686,870.00रू है। (जारी दिनांक 19.11.2025) आवेदिका एवं परिवार के नाम पर पॉच एकड़ से अधिक कही भी कृषि भूमि दर्ज नहीं है। अधिसूचित नगर पालिकओं आवासीय फलैट 1000 वर्ग मी./आवासीय प्लाट 200 वर्ग मी./गज से नहीं है। आवेदिका द्वारा अपने शपर्थ पत्र में आर्थिक रूप कमजोर वर्ग के निर्धारित समस्त मापदडों को पूरा करते हुये ई.डब्बलू.एस प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15.12.2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**कटघोरा, कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार हरदीबाजार जिला कोरबा ( छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**प्र.क 202305015320004 9/63/अ.6अ./2022-23/ब.121/2025-26 ग्राम-हरदीबाजार पहनं 15**

आशीष कुमार देवांगन पिता तुलसीराम जाति देवांगन साकिन हरदीबाजार तहसील हरदीबाजार जिला कोरबा (छग)........आवेदक

**विरुद्ध**

1. राकेश कुमार पिता संतन सिंह, 2. रामबाई पिता लक्ष्मी प्रसाद 3. संजीव कुमार पिता संतन सिंह 4. राजू कुमार पिता संतन सिंह सभी जाति राठौर साकिन हरदीबाजार तहसील-हरदीबाजार, जिला कोरबा (छ०ग०), 5. पद्मावती पति रामप्रसाद सभी तेली साकिन हरदीबाजार तहसील-हरदीबाजार, जिला कोरबा (छ०ग०) -अनावेदकगण

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम हरदीबाजार को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अनावेदकगण रामरतन पिता हरप्रसाद, 2. राकेश कुमार पिता संतन सिंह, 3. मदन लाल पिता हरप्रसाद 4. रामबाई पति लक्ष्मी प्रसाद, 5. संजीव कुमार पिता संतन सिंह, 6. राजीव कुमार पिता संतन सिंह, पद्मावती पति रामप्रसाद में आवेदन प्रस्तुत किया गया है ग्राम हरदीबाजार पहनं 15 स्थित भूमि ख.नं. 202 में से रकबा 0.05 एकड की भूमि को आवेदक के पिता तुलसीराम पिता जनकराम देवांगन द्वारा वर्ष 21.10.2002 में क्रय कर विधिवत नामांतरण क्र. 15 आदेश दिनांक 26.11.2002 में आवेदक के पिता के नाम पर नामांतरण कराया गया था। उक्त भूमि पर मकान निर्माण कर आवेदक निवास करते चले आ रहे हैं। पिता की मृत्यु उपरांत फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर आवेदक को ज्ञात हुआ कि आवेदित भूमि आवेदक के पिता के नाम पर कम्प्युटर अभिलेख में दर्ज नहीं है। आवेदित भूमि एसईसीएल में अर्जन से प्रभावित भूमि है। जिसके अभिलेख सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में हित रखने वाले अनावेदकगणों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 17.12.2025 नियत है। आप नियत दिनांक को उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। अनुपस्थित रहने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 27.11.25 को जारी।

**तहसीलदार हरदीबाजार**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### विश्व एड्स दिवस पर आयोजित हुए जन-जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिले में जागरूकता अभियान जोर पकड़ रहा है। जिला एड्स नियंत्रण समिति और जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जिला अस्पताल परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आमजन को एचआईवी/एड्स से संबंधित सावधानियों, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने एड्स जागरूकता पर आधारित संदेशों को आकर्षक रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके अलावा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को एड्स से जुड़ी सही जानकारी, भ्रांतियों का समाधान और निःशुल्क परीक्षण की उपलब्धता के बारे में जानकारी दे रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य समाज में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संक्रमण से बचाव के उपायों को आम लोगों तक सरल भाषा में पहुंचाना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, अस्पताल स्टाफ, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### हरदीबाजार में लोगों को एड्स के प्रति किया गया जागरुक




**हरदीबाजार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार में विधिक साक्षरता शिविर एवं विश्व एचआईवी, एड्स जागरूकता पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। जिसमे लक्षण एवं रोकथाम तथा खतरे एवं उपचार के संबंध में तथा उचित एवं सरल तथा स्वस्थ जीवन व्यतीत करने सुझाव सहायक चिकित्स युधेश सांडे के द्वारा दिया गया है, साथ ही विधिक सहायता के अनेक योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। इस जागरूकता शिविर में डॉक्टर टिकेंद्र वर्मा, धनेश्वर कंवर, सुधा महंत, सिस्टर चमेली कंवर, कीर्ति मानिकपुरी, संतोष रात्रे दिनेश और भुनेश्वर देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### ग्राम मित्र ने चलाया जनजागरूकता कार्यक्रम

**बरपाली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस एन केसरी के मार्गदर्शन में जिला एड्स नियंत्रण समिति कोरबा, ग्राम मित्र समाज सेवी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जो व्यवधानों पर विजय पाए, एड्स की प्रतिक्रिया में सकारात्मक बदलाव लाएं आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य आकर्षण जागरूकता रथ, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी जोन रहा, कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्रा एवं नर्सिंग छात्रों में रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से एच आई वी एड्स जागरूकता के लिए संदेश दिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी सीएमएचओ डॉ सी के सिंह, एचआईवी नोडल अधिकारी डॉ रविकांत राठौर, सिविल सर्जन डॉ डीएस पटेल, सीपीएम कोरबा डॉ ज्योत्सना पैकरा, नोडल एआरटी सेंटर डॉ आरपीएस पैकरा, डॉ चंद्रकांत भास्कर सर, पूर्व नोडल अधिकारी डॉ बी आर रात्रे, डॉ बी एल रात्रें, डीटीसी सीएसआर हेड संज्ञान जी, डॉ अतीक सिद्दीकी, रविकांत दुबे, आईसीटीसी, ओएसटी के परामर्शदाता तथा लेब तकनीशियन, गोपाल चंद्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, धनंजय चौहान भाजयुमो अध्यक्ष, ग्राम मित्र से संतोष कुमार देवांगन तथा आदर्श नवयुवक मंडल कोरबा से भीष्म पाण्डेय सहित समस्त स्टाफ, पीई व वालेंटियर उपस्थित थे।

### नगर सैनिकों ने आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना का लगाया आरोप

# अपने ही कमांडेंड को हटाने सैनिकों ने किया आंदोलन, आश्वासन के बाद लौटे काम पर



धरने में बैठे नगर सैनिक।



डिवीजन कमांडेंट को ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर सेना की कमांडेंड के द्वारा लगातार जिले के सैंकड़ों सैनिकों को मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे परेशान होकर जिले के सैनिकों ने अपने कमांडेंड के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सभी नगर सैनिकों ने अपने कमांडेंड कार्यालय में ही धरना प्रदर्शन कर हड़ताल शुरु कर दिया था जिससे जिले की व्यवस्था भी चरमरा गई थी और अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। जिला प्रशासन व पुलिस के अफसर सुबह सैनिकों से मिलने के लिए पहुंचे थे जहां उन्हें समझाइश देने का प्रयास किया गया लेकिन सैनिक अपने मांगों पर अडिग रहे जब तक कमांडेंड को हटाया नहीं जाएगा तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। जिसके उपरांत दोपहर को बिलासपुर से डिविजनल कमांडेंड पहुंचे और हड़ताली सैनिकों के आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर उचित निर्णय लिया जाएगा। जिसके बाद सैनिक पुनः अपने काम पर लौट गए हैं।

**खास बात**

- बिलासपुर से पहुंचे डिवीजन कमांडेड के आश्वासन पर समाप्त हुआ आंदोलन

उल्लेखनीय है कि जिले में पदस्थ नगर सैनिकों को जिला कमांडेंड अनुज कुमार एक्का द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। किसी न किसी वजह से सैनिकों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा था और उन्हें नोटिस भी दी जा रही थी। जिसे लेकर जिले के सैनिकों ने अपने ही कमांडेंड अनुज कुमार एक्का पर आरोप लगाया कि उन्हें बार बार मानसिक व आर्थिक रुप से प्रताड़ित कर अत्याधिक परेशान किया जा रहा है। इसे लेकर जिले के सैनिकों ने मोर्चा खोलते हुए सोमवार को सभी अपने अपने कार्यस्थल व विभिन्न थाना चौकी, कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालय में पदस्थ सैनिक अपना काम छोड़कर रिस्दी रोड स्थित नगर सैनिक कमांडेंड कार्यालय जा पहुंचे और कमांडेंड कार्यालय के भीतर ही अपनी आवाज बुलंद करते हुए कमांडेंड अनुज एक्का को हटाने को लेकर आंदोलन शुरु कर दिया गया। सुबह लगभग 12 बजे जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी कमांडेंड कार्यालय पर पहुंचे और हड़ताल पर डटे सैनिकों से मुलाकात कर उन्हें समझाइश दी लेकिन उन्होंने हड़ताल बदस्तूर जारी रखने का शंखनाद कर दिया और घंटों प्रदर्शन करते रहे, इस बीच बिलासपुर से डिविजनल कमांडेंड कोरबा पहुंचे और नगर सैनिकों से मुलाकात किया और उनकी आपबीती सुनी उन्हें आश्वास्त किया की एक सप्ताह के भीतर कोरबा कमांडेंड अनुज एक्का को हटा दिया जाएगा। आश्वासन के बाद सैनिक अपने अपने काम पर लौट गए हैं। सैनिकों का कहना है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कमांडेंड को नहीं हटाया गया तो सोमवार से फिर से अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे।

## फोर लेन सड़क के जमीन अधिग्रहण का किसानों को नहीं मिला मुआवजा



ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एडीबी परियोजना लोन-3 के अंतर्गत पैकेज-23 के तहत 21.481 किलोमीटर पाली-सिल्ली सड़क निर्माण के लिए पाली से लेकर सिल्ली तक सैकड़ों ग्रामीणों की जमीन सड़क में अधिग्रहित की गई थी। सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण किए चार साल बीत गए, सड़क निर्माण भी हो गया, किन्तु ग्राम पंचायत पोड़ी एवं ग्राम पंचायत पोलमी के लगभग 82 किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है।

कलेक्टर जनदर्शन में पोड़ी और पोलमी के ग्रामीण पोड़ी के पूर्व सरपंच एवं किसान होरीलाल बियार के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र ही मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई। ज्ञापन देने वालों में होरीलाल बियार, सनत कुमार बियार, समदर्शी, करूणा शंकर शिरे, सम्मार सिंह, हरीराम बियार, बुधराम बियार, सीताराम, पंकज सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। सड़क निर्माण के लिए खेतिहर भूमि अधिग्रहित की गई थी और चार साल से मुआवजा के लिए ग्रामीण दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। पूर्व सरपंच होरीलाल बियार ने बताया कि अधिग्रहित की गई जमीन खेतिहर थी और करीब 82 किसानों को चार साल बाद भी मुआवजा नहीं मिल पाया है। किसानों ने कहा कि खेतिहर भूमि जाने से फसल उत्पादन न होने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है और अलग से मुआवजा भी नहीं मिल पाया, इससे कई किसानों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। पोड़ी, पोलमी पंचायत से सड़क के लिए अधिग्रहित की गई जमीन आदिवासियों की है। गरीब परिवार से आने वाले पीड़ति आदिवासी हैं और ये खेती-किसानी पर ही निर्भर हैं। खेतिहर भूमि जाने से इनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई है।

## कोहड़िया बाल संप्रेक्षण गृह से 3 अपचारी बालक हुए थे फरार, एक आया वापस



बाल संप्रेक्षण गृह में पहुंचे अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोहड़िया स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से रविवार की शाम 3 अपचारी बालक किचन के रुम से फरार हो गए। जिसमें से एक बालक को उसके परिजन दूसरे दिन वापस बाल संप्रेक्षण गृह लेकर पहुंची तथा दो अपचारी बालक की अभी भी तलाश जारी की जा रही है।

**खास बातें**

- मंत्री के निरीक्षण के एक दिन पहले हुई घटना
- पूर्व में भी फरार हो चुके हैं अपचारी बालक

बाल संप्रेक्षण गृह से भागे 3 किशोरों में से 2 गंभीर अपराधों के आरोपी हैं। दोनों ने यहां से भागने की योजना पहले ही बना रखी थी। होम्स में रसोई घर से लगे वॉशरूम में वॉश बेसिन लगाने का काम चल रहा था। दोनों किशोरों ने अपने साथ तीसरे को शामिल कर लिया और तीनों कल 30 नवंबर को दोपहर बाद 3 बजे किचन के रास्ते से फरार हो गए। कल से फरार तीन बच्चों में से एक तोरवा बिलासपुर में अपने परिजनों के पास पहुंच गया था। चूंकि परिजनों को इनके भागने की सूचना दी जा चुकी थी, इसलिए परिजनों ने बालक को समझाया और उसे लेकर तोरवा पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अब यह बालक वापस होम्स में आ चुका है और बाकी 2 की तलाश की जा रही है। कोरबा के बाल संप्रेक्षण गृह से 3 किशोरों के फरार होने की सूचना देर शाम बाल आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा को मिल चुकी थी। कोरबा-दर्री मार्ग पर स्थित कोहड़िया बस्ती के पास नए सरकारी भवन में जब से बाल संप्रेक्षण गृह स्थानांतरित हुआ है, तब से यहां अनेक घटनाएं घट चुकी हैं। यहां इसके शुरू होने के दूसरे दिन ही 4 किशोर रोशनदान तोड़कर भाग गए थे। इसके बाद यहां के रसोईघर में चल रहे निर्माण कार्य और कर्मचारी की लापरवाही का फायदा उठाते हुए यहां से तीन किशोर भाग खड़े हुए। अधीक्षक दुर्गेश्वरी ने बताया कि पूर्व में यहां से भागे 4 किशोरों में से 2 वापस लाए जा चुके हैं जबकि 2 अब भी फरार हैं। इस बार भी फरार 2 किशोरों का पता नहीं चल सका है। इस संबंध में कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज ने बताया कि रविवार को 3 अपचारी बालक फरार हुए थे जिसमें से एक वापस लौट आया है।

## अशासकीय विद्यालय संघ का दो दिवसीय खेलकूद संपन्न



**कोरबा।** अशासकीय विद्यालय संघ दीपका में 2 दिवसीय खेल कूद महाकुंभ का आयोजन किया गया। जिसमें दीपका क्षेत्र के समस्त अशासकीय विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न विधाओं में (3 श्रेणियां) प्राथमिक ,माध्यमिक, तथा हाई स्कूल श्रेणी के बच्चों ने भाग लिया। कलचुरी हायर सेकेण्डरी स्कूल, सर्वमंगला विद्यालय हाईस्कूल, राधेय विद्यापीठ हाई स्कूल, छत्तीसगढ़ पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल, ईस्ट प्वाइंट हाई स्कूल, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, ज्ञान विज्ञान पब्लिक स्कूल तथा सरस्वती ज्ञान मंदिर दीपका ने भाग लिया। अपने-अपने बच्चों का खेलकूद देखने आए पालकों ने इस आयोजन की खूब प्रशंसा किए। इस अवसर पर 28 नवंबर को प्रातः 9 बजे उद्घाटन समारोह में आदरणीय राजेंद्र सिंह राजपूत नगर पालिका अध्यक्ष दीपका के आतिथ्य में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू पार्षद श्रीमतीज्योति तिवारी, रजनीश तिवारी शामिल रहे।

## कुदुरमाल पुल के बंद होने से शहर के आउटर पर बढ़ा यातायात का दबाव, जाम की स्थिति हो रही निर्मित





बालको और राताखार मार्ग से गुजरते भारी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदुरमाल पुल जर्जर होने की वजह से वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह से इस मार्ग से जाने वाले भारी वाहनों पर खासा असर पड़ा है क्योंकि इसी पुल से सबसे ज्यादा कोयला लोड ट्रेलर वाहन दीगर जिलों को जाती थी अब पुल के बंद हो जाने से इसका दबाव सीधा शहर के आउटर शहर पर पड़ने लगा है। एक दिन में लगभग 5 हजार से अधिक ट्रेलर वाहन शहर के आउटर मार्ग से गुजर रहा है जिसकी वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यह हाल अभी कितने दिनों तक ऐसे ही रहेगा कुछ कह पाना संभव नहीं है। हालांकि प्रशासन क्षतिग्रस्त पुल को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की दिशा पर पहल कर रहा है। देखना होगा कि यह पुल कब तक तैयार हो पाता है।

**खास बातें**

- लगभग 3 हजार भारी वाहनों का परिचालन और बढ़ा
- यातायात के जवानों को अलग-अलग स्थानों पर किया गया तैनात

ज्ञात रहे कि उरगा और तरदा को जोड़ने वाली पुल विगत दिनों क्षतिग्रस्त हो गई थी। विगत दिनों सर्वे टीम जब पुल के नीचे नदी में उतरकर जांच की तो पता चला कि पुल बेहद क्षतिग्रस्त हो गया है, कभी भी ध्वस्त सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है,जिस पर तत्काल प्रभाव से इस पुल से आवाजाही पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। इस मार्ग से व पुल को पार कर कुसमुंडा खदान से प्रतिदिन लगभग 3 हजार कोयला लोड ट्रेलर रायगढ़ व जांजगीर चांपा जाती थी, साथ ही छोटी बड़ी सैंकड़ों वाहन जांजगीर चांपा व बिलासपुर आना जाना करते थे। अब पुल के बंद हो जाने से समस्याएं काफी विकराल हो गई है। पुल को तैयार होने में लगभग तीन महीने या उससे अधिक समय तक के लिए बंद किया जा सकता है। फिलहाल हलके वाहन कोरबा से और भारी वाहन अब दर्री होते हुए ध्यानचंद चौक से रिंगरोड बालकों होते हुए उरगा की ओर से आ और जा रहे हैं। बताया जाता है कि कुसमुंडा खदान से प्रतिदिन लगभग 3 हजार कोयला लोड ट्रेलर 4 नंबर खदान से सीधे सर्वमंगला पुल पहुंच रही है और यहां से राताखार से दर्री होते हुए बालको उरगा के लिए रवाना हो रही है और उरगा से ही रायगढ़ और जांजगीर चांपा के लिए गाड़ी अब जा रही है। बताया जाता है कि इस मार्ग में लगभग 3 हजार अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। कुल मिलाकर इस मार्ग में लगभग 5 हजार वाहनों का दबाव बन चुका है। जिसकी वजह से समय समय पर सर्वमंलगा पुल सहित अन्य स्थानों में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है और हादसों का खतरा भी मंडरा रहा है। खतरे के अंदेशे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यातायात पुलिस को अलर्ट मोड पर लाया है। यातायात पुलिस के द्वारा अलग अलग स्थानों पर अतिरिक्त जवानों को तैनात किया है ताकि जाम की स्थिति निर्मित न हो।

### पीएम सूर्य घर योजना से ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

**कोरबा।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। हितग्राही राधेश्याम राज बताते हैं कि उनके घर में परिवार बड़ा है और विद्युत उपकरण भी अधिक चलते हैं, जिसके कारण हर महीने बिजली का बिल काफी अधिक आता था। जब उन्हें जानकारी मिली कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर योजना में सब्सिडी प्रदान की जाती है और प्लांट स्थापना में भी विभागीय टीम घर पर आकर सहायता करती है, तो उन्होंने इसे भविष्य के लिए एक बेहतर विकल्प माना और अपने घर में सोलर पावर प्लांट लगाने का निर्णय लिया।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### एक पखवाड़े में खरीदा गया 3 लाख क्विंटल धान, दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की समितियों में होने लगी खरीदी

# समितियों में बढ़ने लगी धान की आवक, सभी केंद्रों में हुई बोहनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

धान खरीदी को एक पखवाड़ा बीतने के बाद अब लगभग सभी उपार्जन केंद्रों में धान की आवक हो चुकी है। एक पखवाड़े में ही लगभग 92 हजार 588 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। अब तक वनांचल क्षेत्र के जो उपार्जन केंद्र में बोहनी नहीं हुई थी उन केंद्रों में भी धान की आवक शुरु हो गई है। कोरबा विकासखंड के ग्राम बरपाली धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी शुरु होने से वनांचल क्षेत्रों में बोहनी की शुरुआत हो गई।

एक तरफ धान खरीदी में तेजी आयी है। 30 लाख क्विंटल खरीदी के लक्ष्य को लेकर शुरु हुई खरीदी की शुरुआत मंडी कर्मियों की हड़ताल से प्रभावित रही। लगभग एक सप्ताह मंडी कर्मियों के हड़ताल जारी रहने से कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को कमान संभालना पड़ा था। एक सप्ताह बाद हड़ताल स्थगित हुई और मंडी कर्मी काम पर लौटे उसके बाद से मंडियों में रौनक लौटनी शुरु हुई। हालांकि खरीदी के पहले दिन से ही समितियों में धान खरीदा जाने लगा था। एक पखवाड़ा बीतने के बाद जिस तेजी से आवक शुरु हुई है उससे आने वाले दिनों में मंडियों में धान का उठाव नहीं होने पर जाम की भी शुरुआत हो सकती है। अब तक राइस मिलर्स से अनुबंध नहीं हुआ है। अनुबंध में देरी भी धान जाम की समस्या को बढ़ा सकती है। हालांकि जिला प्रशासन राइस मिलर्स का सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया है और जल्द ही अनुबंध भी कर लिया जाएगा।

### बरपाली में 160 क्विंटल धान से खरीदी की बोहनी



कोरबा विकासखंड के जिल्गा बरपाली धान खरीदी केंद्र में एक पखवाड़े बाद बोहनी हुई है। पहले दिन क्षेत्र के किसान रुप सिंह राठिया द्वारा 160 क्विंटल धान बेचा गया। श्री राठिया के द्वारा ऑनलाइन मोबाइल ऐप से धान बिक्री का टोकन काटा था। खरीदी के अवसर पर समिति के प्रबंधक चंद्रेश कश्यप, फड़ प्रभारी देवेंद्र कुमार, कम्प्युटर ऑपरेटर गंगाधर राठिया, हबीब मोहम्मद, ताज खान, बैगा शनिराम, मनबहाल कंवर, राजेश्वर राठिया, पूर्व सरपंच सम्मेलाल कंवर आदि उपस्थित थे।

